**Direction (1-5): दी गयी जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिये और नीचे दिए गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए –**


आठ व्यक्ति A, B, C, D, P, Q, R और S एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर बैठे हैं, जिनमें से कुछ केंद्र की ओर उन्मुख हैं जबकि कुछ केंद्र के बाहर की ओर उन्मुख हैं. जो व्यक्ति अंदर की ओर उन्मुख है वे पेय पदार्थ पसंद करते हैं और जो व्यक्ति केंद्र के बाहर की ओर उन्मुख हैं, वे खाद्य पदार्थ पसंद करते हैं. Q, P के दायें से तीसरे स्थान पर बैठता है और सैंडविच पसंद करता है. A, B के दायें से दूसरे स्थान पर बैठता है. केवल दो व्यक्ति पिज़्ज़ा पसंद करने वाले और जूस पसंद करने वाले व्यक्ति के मध्य बैठते हैं. B, C के बाएं से तीसरे स्थान पर बैठता है, C जो Q का एक निकटतम पडोसी है. C को कॉफ़ी पसंद है. A, C का एक निकटतम पडोसी है और वह कोई खाद्य पदार्थ पसंद नहीं करता है. जो व्यक्ति चाय पसंद करता है, वह P के बाएं से तीसरे स्थान पर बैठता है. जिस व्यक्ति को शेक पसंद है वह बर्गर पसंद करने वाले व्यक्ति के दायें से दूसरे स्थान पर बैठता है. R, P का निकटतम पडोसी नहीं है और खाद्य पदार्थ पसंद करता है. S को न तो शेक और न ही लस्सी पसंद है.

**Q1. निम्न में से किसे जूस पसंद है ?**
(a) B
(b) S
(c) P
(d) A
(e) D

**Q2. निम्नलिखित में से C के बाएं से दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?**
(a) D
(b) जिसे जूस पसंद है
(c) S
(d) जिसे पिज़्ज़ा पसंद है
(e) Q

**Q3. कितने व्यक्तियों का मुख अंदर की ओर है?**
(a) पाँच से अधिक
(b) **तीन**
(c) दो
(d) पाँच
(e) चार

**Q4. निम्न में से कौन कॉफ़ी पसंद करने वाले व्यक्ति के विपरीत बैठा है?**
(a) Q
(b) R
(c) जिसे बर्गर पसंद है
(d) S
(e) जिसे शेक पसंद है



**Q5. निम्न पांच में से चार एक समान हैं और एक समूह का निर्माण करते हैं, इनमें से कौन उस समूह से सम्बन्धित नहीं है?**
(a) R
(b) A
(c) D
(d) S
(e) C

**Directions (6-8): दिए गया प्रत्येक प्रश्न निम्नलिखित जानकारी पर आधारित है:**
(i) A % B अर्थात् A, B की पुत्री है।
(ii) A @ B अर्थात् A, B की माता है।
(iii) A $ B अर्थात् A, B के पिता है।
(iv) A * B अर्थात् A, B का पुत्र है।
(v) A © B अर्थात् A, B का भाई है।

**Q6. यदि व्यंजक 'D@E*K©L%O' सत्य है, तो निम्न में से कौन-सा कथन सत्य है?**
(a) O, E की ग्रैंडमदर है
(b) L, E के अंकल है
(c) D, O का दामाद है
(d) E, O के ग्रैंडडॉटर है
(e) कोई सत्य नहीं है

**Q7. यदि व्यंजक 'L%N$T@U©X*Z' सत्य है, तो निम्न में से N का दामाद कौन है?**
(a) T
(b) Z
(c) U
(d) X
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q8. यदि व्यंजक 'H©F$E%K@R*F' सत्य है, तो निम्न में से कौन-सा कथन सत्य नहीं है?**
(a) R, H का नेफ्यू है
(b) K, E की माता है
(c) H, E की आंट है
(d) K, H का सन-इन-लॉ है
(e) सभी सत्य है

**Directions (9-10): प्रत्येक प्रश्नों में कुछ कथन और उन पर आधारित कुछ निष्कर्ष दिए गए हैं। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है भलें ही वह सर्वज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हो। निष्कर्षों का पढ़िए और निर्णय लीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में कौन-सा दिए गए कथनों का अनुसरण करता है।**

**Q9. कथन :**
केवल कुछ पेपर नोट हैं।
कुछ नोट येलो हैं।
सभी व्हाइट येलो हैं।
**निष्कर्ष:**
**I.** कोई व्हाइट पेपर नहीं है।
**II.** सभी येलो के पेपर होने की सम्भावना है।
**III.** सभी पेपर के नोट होने की सम्भावना है।
(a) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
(b) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता
(c) केवल निष्कर्ष I और III अनुसरण करते हैं।
(d) केवल निष्कर्ष III अनुसरण करता है।
(e) कोई निष्कर्ष अनुसरण नहीं करता है।

**Q10. कथन:**
कोई खरगोश कुत्ता नहीं है।
कुछ कुत्ते चूहें हैं।
केवल कुछ खरगोश बिल्लियाँ हैं।
**निष्कर्ष:**
**I.** कुछ बिल्लियाँ चूहें नहीं हैं।
**II.** कुछ खरगोश चूहें हैं।
**III.** सभी बिल्लियाँ चूहे हैं।
(a) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
(b) केवल निष्कर्ष II और III अनुसरण करते हैं।
(c) या तो निष्कर्ष I या III अनुसरण करते हैं।
(d) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
(e) इनमें से कोई नहीं

**Directions (11-15): निम्नलिखित सूचना का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिये और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये:**

सात मित्र A, B, C, D, E, F, और G जनवरी से जुलाई तक अलग-अलग महीनों में अलग-अलग कार अर्थात् U, V, W, X, Y, S, और Z खरीदते हैं(आवश्यक नहीं की समान क्रम में हो)। साथ ही, वे सभी अलग-अलग फल पसंद करते हैं अर्थात् आम, खरबूजा, नारंगी, कीवी, अनार, अमरुद, और चेरी (आवश्यक नहीं की समान क्रम में हो)। E, मार्च और जुलाई में कार नहीं खरीदता है। कार Z उस महीने में खरीदी जाती है जिसमे 30 दिन है। B, जून में कार खरीदता है। या तो D या E अमरुद पसंद करता है। C, फरवरी में कार W खरीदता है। A को आम पसंद है और F कार Y खरीदता है। F खरबूजा और कीवी पसंद नहीं करता है। अनार पसंद करने वाला व्यक्ति कार V खरीदता है। B, कार V नहीं




खरीदता है। कार W खरीदने वाला व्यक्ति खरबूजा पसंद नहीं करता है और कार S मई में खरीदी जाती है। A उस महीने में कार खरीदता है जिस महीने में 31 दिन हैं। कार V और Y उस महीने में खरीदी जाती है जिनमें 31 दिन हैं। या तो B या A कार Z खरीदता है। G नारंगी पसंद करता है और कार X खरीदता है। आम पसंद करने वाला व्यक्ति कार S नहीं खरीदता है। E कार S नहीं खरीदता है।

**Q11. निम्नलिखित में से किस मित्र को अनार पसंद है?**
(a) C
(b) B
(c) A
(d) E
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q12. निम्नलिखित में से कौन-सा मित्र मार्च में कार खरीदता है**
(a) A
(b) C
(c) F
(d) या तो (a) या (c)
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q13. दी गई व्यवस्था के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सा संयोजन सत्य नहीं है?**
(a) W- कीवी
(b) V- जनवरी
(c) X- अप्रैल
(d) Y- चेरी
(e) S- कीवी

**Q14. जिस व्यक्ति को चेरी पसंद है, वह निम्न में से किस महीने में कार खरीदता है?**
(a) जुलाई
(b) जून
(c) फरवरी
(d) या तो (a) या (e)
(e) मार्च

**Q15. कार V निम्न में से किस महीने में खरीदी जाती है?**
(a) जनवरी
(b) जुलाई
(c) अप्रैल
(d) इनमें से कोई नहीं
(e) मई

**Direction (16-17): नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में एक कथन के बाद तीन कथन I, II और III दिए गए हैं. सभी तीनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़कर आपको निर्धारित करना है कि उनमें से कौन सा कथन को प्रबल या कमजोर बनाता है आपको कथन और पूर्वधारणाओं मान्यताओं पर विचार करना होगा और निर्णय लेना होगा कि कथन में कौन सी धारणाएँ निहित हैं। और तय करें कि कौन सा उत्तर(a), (b), (c), (d) और (e) सही उत्तर है।**

**Q16. कथन:** "आपको बहुत सावधान रहना चाहिए ताकि समाज पुलिस के प्रतिनिधित्व पर प्रतिकूल टिप्पणी न दे।" - एक नए नियुक्त अधिकारी को सीबीआई अधिकारी द्वारा कहा गया कथन।

**पूर्वधारणाएं**

**I.** समाज सदैव प्रतिकूल टिप्पणियों में शामिल होता है।

**II.** जनता का पुलिस दल पर विश्वास अपेक्षित स्तर तक नहीं है।

**III.** समाज में पुलिस के प्रतिनिधित्व को उचित तरीके से जांचने की क्षमता है।

(a) I और II

(b) II और III

(c) I और III

(d) ये सभी

(e) इनमें से कोई नहीं

**Q17. कथन :** उच्च न्यायालय ने राज्य X को आदेश दिया कि वह हिट-एंड-रन की घटना में शामिल अभिनेता Y के काग़जात जमा करे और पुलिस को निर्देश दिया है कि वह अभिनेता या उसके परिवार के सदस्यों और मित्रों को गवाह या पीड़ित से न मिलाने दे।

**पूर्वधारणाएं**

**I.** दोषी के मित्र तथा परिजन साक्ष्यों को प्रलोभन देकर प्रभावित करने का प्रयास या आरोपी को बरी करने में सहायता करने के लिए बाधा उत्पन्न करते हैं।

**II.** दोषी की योग्यता एक अपराध की सजा तय करने का मापदंड नहीं हो सकती है।

**III.** न्यायालय की तत्कालिक चिंता पीड़ित की शिकायत है जिसके निवारण की आवश्यकता है।

(a) केवल I

(b) I और II

(c) I और III

(d) ये सभी

(e) इनमें से कोई नहीं

**Direction (18-20): दिए गये प्रश्नों में, प्रतीकों #, &, @ और $ को उदाहरण में दिए गये अर्थों के रूप में प्रयोग किया गया है. दी गयी जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिये और प्रश्नों के उत्तर दीजिये:**

**नोट : जो दिशाएँ दी गयी हैं, वे सटीक दिशा की सूचक हैं.**

P#Q - P, Q की दक्षिण दिशा में है.

P@Q - P, Q की उत्तर दिशा में है.

P&Q - P, Q की पूर्व दिशा में है.

P$Q - P, Q की पश्चिम दिशा में है.

P£QS- P लम्बवत रूप से QS का मध्य बिंदु है.



बिंदु P, बिंदु Q के $20 मी है. बिंदु T, बिंदु U के &8 मी है. बिंदु X, बिंदु W के #3 मी है. बिंदु T, बिंदु S के #5 मी है , बिंदु S जो बिंदु R के $8 मी है. बिंदु V,बिंदु U के @20 मी है. बिंदु Z£VD है. बिंदु Q, बिंदु R के is @5 मी है. बिंदु V, बिंदु W के &4 मी है. बिंदु D£VU है.

**Q18. बिंदु W के संदर्भ में Z की न्यूनतम दूरी और दिशा क्या है?**
(a) 10#@
(b) 5#&
(c) 15$@
(d) 5@$
(e) इनमें से कोई नहीं


**Q19. बिंदु S के संदर्भ में P की दिशा क्या है?**
(a) @$
(b) #@
(c) $&
(d) @&
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q20. बिंदु U के संदर्भ में Q किस दिशा में है?**
(a)@$
(b)$&
(c)#@
(d) @&
(e) इनमें से कोई नहीं

**Directions (21-25): दी गई जानकारी के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

एक शब्द और संख्या व्यवस्था मशीन को जब शब्दों और संख्याओं की एक इनपुट पंक्ति दी जाती है, तो वह प्रत्येक चरण में एक निश्चित नियम का अनुसरण करते हुए उन्हें व्यवस्थित करती है। निम्नलिखित इनपुट और पुनर्व्यवस्था का एक उदहारण है:
इनपुट: sing 96 23 come air upper 24 beach elephant 33
चरण I: 33 sing 96 23 come air upper 24 beach elephant
चरण II: 33 23 sing 96 come air upper 24 beach elephant
चरण III: 33 23 96 sing come air upper 24 beach elephant
चरण IV: 33 23 96 24 sing come air upper beach elephant
चरण V: 33 23 96 24 air sing come upper beach elephant
चरण VI: 33 23 96 24 air elephant sing come upper beach
चरण VII: 33 23 96 24 air elephant upper sing come beach
चरण VIII: 33 23 96 24 air elephant upper beach sing come
चरण IX: 33 23 96 24 air elephant upper beach come sing

उपर्युक्त व्यवस्था का अंतिम चरण है।
उपर्युक्त दिए गए चरणों में अनुसरण किये गए नियमों के अनुसार, दिए गए इनपुट के लिए निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में उपयुक्त चरण ज्ञात कीजिये।
**इनपुट: with 17 shout 58 93 over inter year 22**




**Q21. इनपुट के लिए निम्न में से कौन-सा दूसरा चरण है?**
(a) 93 17 with 58 shout over inter year 22
(b) 93 with 17 shout 58 over inter year 22
(c) 93 17 with shout 58 over inter year 22
(d) 58 17 with shout 93 over inter year 22
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q22. निम्न में से कौन-सा अंतिम चरण इनपुट के ऊपर है?**
(a) III
(b) VI
(c) VII
(d) IX
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q23. यह कौन-सा चरण है?**
चरण: 93 17 58 22 inter with shout over year
(a) VI
(b) III
(c) IV
(d) V
(e) ऐसा कोई चरण नहीं है

**Q24. चरण III में दाएं छोर से चौथा तत्व कौन-सा है?**
(a) 22
(b) 58
(c) inter
(d) over
(e) with

**Q25. चरण VI में 58 और inter के ठीक मध्य निम्न में से कौन-सा तत्व आता है?**
(a) year
(b) with
(c) 22
(d) 93
(e) shout

**Direction (26-30): दी गई जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर दीजिए:**

एक परिवार में R, S, Q, J, A, B, K, T, N, और M दस सदस्य है। उनमें से दो विवाहित युगल हैं और प्रत्येक के दो पुत्री और एक पुत्र हैं। परिवार में तीन पीढियां हैं। K, S का दामाद है और S, R से विवाहित है। S, J का पिता है और J की दो बहनें हैं। M, T और N का भाई है। A, K की सिस्टर-इन-लॉ है। Q, M की माता की आंट है। R अपने पिता की इकलौती पुत्री है।


**Q26. निम्न में से J का पिता कौन है?**
(a) S
(b) M
(c) K
(d) R
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q27. K का N से क्या सम्बन्ध है?**
(a) ब्रदर-इन-लॉ
(b) दामाद
(c) पुत्र
(d) पिता
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q28. निम्न में से Q का नेफ्यू कौन है?**
(a) T
(b) J
(c) B
(d) A
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q29. निम्न में से K का ब्रदर-इन-लॉ कौन है?**
(a) R
(b) T
(c) M
(d) J
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q30. निम्न में से T की ग्रैंडमदर कौन है?**
(a) S
(b) B
(c) R
(d) Q
(e) इनमें से कोई नहीं



adda247 publications

BOOKS




**Visit:** publications.adda247.com & store.adda247.com
For any information, mail us at **publications@adda247.com**